खबर संक्षेप

प्लाट बेचने के नाम पर धोखाधड़ी पर मामला दर्ज

कटनी। जमीन बेचने के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले की शिकायत पर माधवनगर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया है। जानकारी के अनुसार खैबर लाइन निवासी भरत कुकरेजा ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि आरोपी समीर गंगवानी उर्फ डेविड उर्फ मंटू ने उन्हें एक प्लाट बेचने का झांसा दिया था। सौदे के दौरान आरोपी ने भरत से कुल 50,700 रुपये का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करवा लिया। पैसे लेने के बावजूद आरोपी ने न तो जमीन की रजिस्ट्री करवाई और न ही प्लाट का कब्जा दिया। जब पीड़ित ने अपने पैसे वापस मांगे या जमीन देने की बात कही तो आरोपी ने टाल-मटोल शुरू कर दी, जिससे स्पष्ट हो गया कि उसके साथ धोखाधड़ी की गई है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) एवं आईपीसी की धारा 420 के तहत मामला दर्ज किया है।

विशेष शिविर में ननि को मिले 9.30 लाख

कटनी। नगर निगम द्वारा वित्तीय अनुशासन एवं राजस्व संग्रहण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बकाया करों की वसूली हेतु शहर के वार्डो सहित बाजार क्षेत्रों के प्रमुख स्थलों पर विशेष शिविर आयोजित किए जाकर निगम करदाताओं को बकाया कर जमा करने की सुविधा प्रदान की जा रही है। बुधवार को माधवनगर में तांगा स्टैंड के पास एवं गाटरघाट सब्जी मंडी के पास सहित गोल बाजार में भी विशेष शिविर आयोजित किया गया। विशेष शिविरों में नागरिकों ने पहुंचकर जलकर, संपत्ति कर, दुकान किराया राशि सहित अन्य देय करों का भुगतान कर सुविधा का लाभ उठाया। शिविर के दौरान निगम प्रशासन द्वारा करदाताओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई, जिससे नागरिकों को त्वरित एवं सरल भुगतान प्रक्रिया उपलब्ध हो सकी। राजस्व अमले ने शिविर में उपस्थित रहकर कर संबंधी जानकारी, बकाया राशि का विवरण एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक ने बताया कि नगर के तीन स्थलों में आयोजित शिविर के दौरान 9 लाख 30 हजार 739 रूपये का संपत्ति कर तथा 2 लाख 15 हजार 350 रुपये का जलकर निगम कोष में जमा कराया गया। आयोजित होने वाले विशेष शिविरों की संख्या में गुरुवार 12 फरवरी को प्रियदर्शनी स्थित बस स्टैंड में शिविर का आयोजन किया जाकर नागरिकों को बकाया कर जमा करने की सुविधा दी जायेगी।

कलेक्टर ने कहा खनिज का संपूर्ण उपयोग कर नये आयाम तलाशें

कटनी। जिले में खनिज संसाधनों के बेहतर उपयोग एवं खनिज राजस्व में वृद्धि को लेकर कलेक्टर आशीष तिवारी ने खदान संचालकों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी पट्टाधारकों को समय-सीमा में रॉयल्टी, डेड रेंट सहित अन्य देयकों का भुगतान सुनिश्चित करने तथा उत्पादन को पूर्ण क्षमता पर संचालित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री तिवारी ने कहा कि कटनी जिले में विभिन्न प्रकार के खनिज अलग-अलग ग्रेड में उपलब्ध हैं, जिनका संवर्धन कर औद्योगिक विकास की व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने सेक्टरवार खनिज पट्टाधारकों को खनिज आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने हेतु ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विशेष रूप से डोलोमाइट को महीन पीसकर बाल मिल स्थापित करने, पेंट इंडस्ट्री के विकास तथा संगमरमर (मार्बल) खनिज की बहुउपयोगिता पर कार्य करने की आवश्यकता बताई। साथ ही नवीन खनिज संसाधनों की खोज और उनके व्यावसायिक उपयोग की दिशा में भी विस्तृत योजना बनाने पर जोर दिया। वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत खनिज विभाग को प्राप्त राजस्व लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने तथा जिले में खनिज उत्पादन बढ़ाने के लिए सभी संचालकों को सक्रिय सहभागिता निभाने के निर्देश दिये।

झिंझरी स्थित पुलिस लाइन में कल से प्रारंभ होगी भर्ती रैली, तैयारियां दुरूस्त

अग्निवीर में शामिल होने 15 जिलों के 5374 युवक आजमाएंगे अपना नसीब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के झिंझरी स्थित पुलिस लाइन मैदान में 13 फरवरी से शुरू हो रही भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती रैली ने 5 हजार 374 युवाओं को आमंत्रित किया गया है। जिनका अलग-अलग दिनों में शारीरिक पात्रता परीक्षण किया जाएगा और स्वास्थ्य मानकों तथा दस्तावेजों के सत्यापन के आधार पर चयन किया जाएगा। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर पुलिस लाइन मैदान में तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है। यातायात प्रबंधन पेयजल की समुचित व पर्याप्त उपलब्धता, शौचालय व्यवस्था, दौड़ हेतु मैदान का समतलीकरण, फायरब्रिगेड वाहन सहित एंबुलेंस और मेडिकल स्टाफ के साथ-साथ व्यवस्था के नजरिये से कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों के तैनाति की गई है।

इन जिलो के युवा होंगे शामिल

अग्निवीर भर्ती रैली में कटनी सहित जबलपुर, अनुपपूर, बालाघाट, छिंदवाड़ा, मंडला, मऊगंज, नीमच, रीवा, सतना, सिवनी, शहडोल, सीधी, सिंगरौली और उमरिया जिले के युवा शामिल होंगे। शनिवार 14 फरवरी को झिंझरी पुलिस लाइन में अग्निवीर भर्ती रैली के लिए सिवनी बालाघाट व मंडला जिले के 548 युवा चयन होने के लिए अपना भाग्य आजमाएंगे। इसी प्रकार 15 फरवरी को मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, मैहर व डिंडौरी के 762 युवा आएंगे जबकि 16 फरवरी को रीवा जिले के 843 युवा और 17 फरवरी को सतना जिले के 783 युवाओं को आमंत्रित किया गया है। इसी प्रकार 18 फरवरी को जबलपुर, कटनी, शहडोल, उमरिया एवं अनुपपूर जिलों के 785 युवाओं और 19 फरवरी को सभी 15 जिलों के 730 युवा विभिन्न प्रकार के शारीरिक परीक्षण में शामिल होंगे इसी प्रकार दिनांक 20 फरवरी को सभी जिलों के 638 युवा और 23 फरवरी को मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ के सभी जिलों के 285 महिला प्रतिभागी अग्निवीर भर्ती रैली में चयनित होने के लिए शामिल होंगी।

इन पदों पर होगा चयन

भर्ती रैली के माध्यम से अग्निवीर जनरल डयूटी, तकनीकि, क्लर्क और ट्रेडसमेन पदों के लिए चयन किया जाएगा। रैली में शामिल होने वाले अभ्यार्थियों को एडिमट कार्ड, नवीनता पासपोर्ट साइज फोटो सभी आवश्यक दस्तावेज और मोबाईल से लिंक आधार नंबर लाना अनिवार्य होगा।

उल्लेखनीय है कि इस भर्ती रैली में शामिल प्रतिभागियों ने सेना के कामन इंट्रेंस टेस्ट के माध्यम से लिखित परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। झिंझरी में आयोजित रैली में इन्हीं युवाओं का फिजिकल, मेडिकल टेस्ट के साथ-साथ दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा।

खुले गड्ढों से हादसे का बना है खतरा, ग्रामीणों ने एसडीएम से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

तहसील ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत बरौदा में जल जीवन मिशन के तहत टंकी और पाइपलाइन का निर्माण कार्य अधूरा पड़े होने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ठेकेदार द्वारा पाइपलाइन के लिए खुदाई तो कर दी गई, लेकिन कई स्थानों पर गहरे गड्ढे अब भी खुले पड़े हैं। वहीं, टंकी का निर्माण कार्य भी अब तक पूरा नहीं किया गया है। आक्रोशित ग्रामीणों ने ढीमरखेड़ा पहुंचकर एसडीएम निधि गोहल से शिकायत किया।

सरपंच रतिराम आदिवासी, शम्भु लोधी, दुखीराम कोल, रवि कुमार, बद्री, नरेंद्र कुमार, हेतराम, महेंद्र, नरेंद्र, सुग्रीव सहित अन्य ग्रामीणों और महिलाओं ने शिकायत में बताया कि बरौदा में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़क खोदी गई थी, लेकिन खुदाई के बाद गड्ढों को नहीं भरा गया। ग्रामीणों का कहना है कि खुले गड्ढों में गिरने से छोटे बच्चों और वृद्धजनों के घायल होने का खतरा बना हुआ है। हाल ही में कुछ मवेशी भी गड्ढों में गिर गए थे, जिन्हें ग्रामीणों के सहयोग से बाहर निकाला गया। इसके अलावा नालियां खुली पड़ी हैं और टंकी स्थल पर लकड़ी की बल्लियां लगी हुई हैं, जिस पर बच्चे चढ़ जाते हैं, जिससे गिरने की आशंका और बढ़ गई है।ग्रामीणों ने कहा कि यदि जल्द निर्माण कार्य पूरा नहीं कराया गया, तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। उन्होंने ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने और कार्य शीघ्र पूर्ण कराने की मांग की है।

एसडीएम ढीमरखेड़ा निधि गोहल का कहना है कि ग्रामीणों से शिकायत प्राप्त हुई है। पीएचई विभाग के एसडीओ से बात कर जांच करने और निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए कहा हैं।

शहरी एवं उप नगरीय क्षेत्रों में चलाया गया वृहद अतिक्रमण हटाओ अभियान

आवागमन में अवरोध उत्पन्न करने वाले अस्थाई अतिक्रमणों को हटाने ननि द्वारा की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर के मुख्य मार्गों को अतिक्रमण मुक्त कर आम नागरिकों की यातायात व्यवस्था को सुगम व्यवस्था मुहैया कराने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा बुधवार को नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर में वृहद अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाकर विभिन्न प्रमुख व्यावसायिक एवं मुख्य मार्गो से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान पुलिस बल एवं नगर निगम प्रशासन की अतिक्रमण टीम की मौजूदगी में अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने उपनगरीय क्षेत्र माधव नगर के उन स्थलों को चिन्हित कर कार्यवाही की जहाँ अस्थायी दुकानों, ठेलों एवं अवैध पार्किंग के कारण आए दिन यातायात बाधित हो रहा था।

अतिक्रमण प्रभारी श्री सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को माधव नगर में मुख्य पहुंच मार्ग तांगा स्टैंड सहित पंचायत चौराहा के विभिन्न स्थलों में मार्च किया जाकर नागरिकों से सार्वजनिक मार्ग के आवागमन को बाधित कर रहीं अस्थाई संरचनाओं को हटाने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान 8 दुकानों में निर्धारित सीमा के बाहर अनाधिकृत रूप से लगे टीन शेड, बोर्ड आदि को हटाया गया, वहीं मुख्य मार्गो के ठेलों सब्जी विक्रेताओं को भी मार्ग से पृथक एवं व्यवस्थित करते हुए आवागमन को सुगम बनाने की कार्यवाही की गई।

नगरीय क्षेत्र में सुगम यातायात व्यवस्था के मद्देनजर महारानी लक्ष्मी बाई तिराहा से कोतवाली तिराहा तक चलाये गए अभियान के दौरान मुख्य मार्गो के किनारे फुटपाथ पर निर्धारित सीमा के बाहर लगीं अस्थाई दुकानों को हटाकर फुटपाथ खाली करानें की कार्यवाही की गई। इस दौरान कोतवाली तिराहा से मिशन चौक तक सड़क किनारे अव्यवस्थित ठेलों टपरों को अलग कराते हुए मार्ग का आवागमन सुगम बनाने की कार्यवाही की गई। इसके अतिरिक्त अतिक्रमण अमले द्वारा नगर के विभिन्न मुख्य मार्गो में मुनादी के माध्यम से दुकानदारों को दुकान सामग्री निर्धारित सीमा के अंदर रखकर ही व्यवसाय करानें की मुनादी के माध्यम से अपील की गई।

सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का विधायक ने किया भूमिपूजन

ग्राम पंचायत ठिर्री के बिहरिया गांव में सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य का किया जायेगा। बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने भूमिपूजन किया। यह भवन 20 लाख रुपये की लागत से बनाया जाएगाजिससे ग्रामीणों को विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन की सुविधा मिलेगी। विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवन के निर्माण से गांव के लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर पूर्व जिला मंत्री विजय दुबे,मंडल अध्यक्ष नरेंद्र त्रिपाठी, आशीष चौरसिया, पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुरेश राय, जिला मंत्री प्रशांत राय, सतीश ज्योतिषी,सरपंच छवि गौतम, सुशील गौतम, मंडल महामंत्री सोनू गौतम, शारदा महोबिया, अंकित झारिया, शीतल शुक्ला, दयाराम यादव,धन्य कुमार पटेल,जनपद सीईओ यजुवेंद्र कोरी,सचिव सुशील बर्मन उपस्थित रहे।

अलग-अलग स्थानों में दबिश देकर 370 किलो लाहन व 72 पाव देशी मदिरा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु आबकारी विभाग द्वारा सतत कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी अमले द्वारा दो अलग-अलग स्थानों पर बड़ी कार्यवाही करते हुए भारी मात्रा में अवैध महुआ लाहन, हाथ भट्टी शराब एवं देशी मदिरा जब्त की गई।

आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी मंशाराम उइके के नेतृत्व में वृत्त कटनी क्रमांक-02 अंतर्गत ग्राम अधारकाप में वृत्त 02 एवं 03 की संयुक्त टीम ने दबिश दी। कार्रवाई के दौरान 08 लीटर हाथ भट्टी मदिरा तथा प्लास्टिक के गुम्मों में भरा 370 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। इस संबंध में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क एवं 34(1)च के तहत 05 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। महुआ लाहन का सैंपल लेकर शेष सामग्री मौके पर ही नष्ट की गई।

दूसरी कार्रवाई में वृत्त प्रभारी विजयराघवगढ़ केशव उइके के नेतृत्व में जनसुनवाई में प्राप्त शिकायत के आधार पर ग्राम मझगवां, खजुरा एवं गुड़ेहा में सघन गश्त व दबिश दी गई। इस दौरान 35 पाव प्लेन एवं 38 पाव मसाला मदिरा, कुल 72 पाव देशी मदिरा बरामद कर जब्त की गई। इस प्रकरण में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत 06 प्रकरण दर्ज किए गए।

शिविर के समापन पर कलेक्टर ने विद्यार्थियों का किया मार्गदर्शन

कोई काम छोटा या बड़ा नहीं होता, उसे उत्साह एवं समर्पण से करना चाहिये

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी द्वारा ग्राम बिजौरी मझगवां में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का सात दिवसीय विशेष शिविर का बुधवार को गरिमामय वातावरण में समापन हुआ। समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर आशीष तिवारी ,, विशिष्ट अतिथि एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, पर्यावरणविद् एवं मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह,तहसीलदार बड़वारा ऋषि गौतम उपस्थित रहे। अतिथियों ने मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चरणों में दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार बाजपेई एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. माधुरी गर्ग द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. शोभाराम मेहरा की विशेष उपस्थिति रही।

कलेक्टर आशीष तिवारी ने एनएसएस के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि "कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता। हर काम को उत्साह और समर्पण के साथ करना चाहिए। निरंतर प्रयास से ही सफलता प्राप्त होती है।" उन्होंने स्वयंसेवकों की दिनचर्या की जानकारी ली तथा उनके सेवा कार्यों की सराहना की।

डॉ. शोभाराम मेहरा ने विद्यार्थियों को एनएसएस की विभिन्न गतिविधियों एवं प्रमाण पत्रों की जानकारी दी। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक नृत्य ने कार्यक्रम को आकर्षक बनाया। मानव जीवन विकास समिति के सचिव श्री निर्भय सिंह ने संस्था की ओर से स्मृति चिन्ह एवं मिलेट्स भेंट कर अतिथियों का सम्मान किया। कार्यक्रम में 78 छात्राएं एवं 32 छात्र उपस्थित रहे। संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. माधुरी गर्ग ने किया। इस अवसर पर जिला संगठक डॉ. रुक्मणी प्रताप सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अतुल कुमार, डॉ. ज्ञानेंद्र मोहन, डॉ. सुची सिंह, डॉ. शैलजा सिंह, डॉ. राजश्री शर्मा, डॉ. नरेश कुलस्ते सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।कलेक्टर ने स्वयंसेवकों के साथ भोजन कर उसकी सराहना की तथा "एक पेड़ मां के नाम" के तहत पौधारोपण कर सभी को आशीर्वचन प्रदान किया।

विश्व कल्याण की कामना को लेकर सलैया प्यासी में चल रहा सप्ताह ज्ञान यज्ञ

सप्ताह ज्ञान यज्ञ में धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

ग्राम सलैया प्यासी में विश्व कल्याण की कामना को लेकर चल रहे सप्ताह ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस मंगलवार को कथा व्यास पंडित दिलीप पौराणिक की मौजूदगी में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बालकृष्ण की सुंदर झांकी देख श्रद्धालु विभोर हो गए। जन्मोत्सव के खास अवसर के लिए कथा पांडाल को गुब्बारों और फूलों से सजाया गया। नन्हें मुन्हें बच्चे भी कृष्ण रूप में श्रद्धालुओं को लुभा रहे थे। वसुदेव जब डलिया में बाल कृष्ण को डलिया में लेकर निकले तो उनकी एक झलक पाने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ मच गई। श्रद्धालु कृष्णभक्ति में विभोर होकर नाच उठे।

कथा वाचक ने कहा कि जीव जीवन भर अहंकार में जीता है, लेकिन जब अंत समय निकट आता है तो उसे भगवान याद आते हैं। जीवन भर किए गए पाप अंत समय की गुहार से नहीं कट सकते, इसलिए प्रतिपल भगवान का सुमिरन करते रहे, जिससे आप पाप कर्मों की ओर नहीं बढ़ेंगे और सत्कर्मों की प्रेरणा मिलती रहेगी।

भगवान को बनाया द्वारपाल

वामन भगवान की कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि तीन पग यानि धर्म, अर्थ काम हैं, यदि इनका ठीक प्रकार से निवर्हन हो गया तो मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। राजा बलि के दान से प्रसन्न होकर भगवान वामन ने जब वरदान देने को कहा तो बलि ने कहा कि भगवन आते जाते बस आपके दर्शन हो जाएं, मुझे और कुछ नहीं चाहिए, इस तरह बलि ने भगवान को अपना द्वारपाल बना लिया। बलि बाद में इंद्र बनकर इंद्र के सिंहासन पर विराजमान हुए। अर्थात भगवान की कृपा जब मिलती है तो संसार के सारे सुख भक्त की झोली में आ जाते हैं। हरि कृपा से होता है संतो का मिलन-सप्ताह ज्ञान के चौथे दिवस मै हनुमत कुटी के संत सुरेंद्र दास जी महाराज का आगमन हुआ। उनकी अगवानी भव्य रूप से की गईं। कथा वाचक ने कहा सप्ताह ज्ञान यज्ञ मै संतो का आगमन हुआ है यह हरि कृपा ही है। वही हनुमत कुटी आश्रम पूज्य गुरुदेव सुरेंद्र दास जी महाराज ने अपने उदगार व्यक्त करते हुए, जनमानस से लोक कल्याण हितार्थ कार्य करने का आव्हान किया।

बाल लीलाओं का वर्णन

बुधवार को सप्ताह ज्ञान यज्ञ में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओ का वर्णन किया गया। सायंकालीन आरती कर कथा को विश्राम दिया गया व प्रसाद का वितरण किया गया।

इस दौरान विधायक प्रणय पांडेय, जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी, आर पी परौहा, नारायण परौहा, गणेश शंकर गर्ग, प्रमोद मिश्रा,जुगल किशोर गर्ग, सूर्य कान्त तिवारी, बी डी तिवारी, अरविन्द तिवारी, जयदीप त्रिपाठी, रमेश कुमार प्यासी,डॉ अमित प्यासी,अतुल प्यासी, अनिल मिश्रा, ओमप्रकाश मिश्रा दीपक मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

कुसेरा गाँव को प्लास्टिक मुक्त बनाने बैठक में बनाई रुपरेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

प्रस्फुटन समितियों की मासिक बैठक नवांकुर संस्था प्रयास सेवा संगठन इमलिया सेक्टर नंबर 5 धरवारा के सेक्टर प्रभारी कोदू लाल हल्दकार के द्वारा ब्लाक समन्वयक बवीता शाह के मार्गदर्शन में बुधवार को ग्राम कुसेरा में हुई जिसमें समितियों के दस्तावेजीकरण पर विशेष रूप से ब्लाक समन्वयक बवीता शाह के द्वारा बताया गया जिसमें ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहें। मेंटर सुमित सिंह के द्वारा प्लास्टिक मुक्त गांव बनाने के लिए ग्राम की महिला शक्ति के साथ बैठक की गई और प्लास्टिक मुक्त गांव कैसे बन सकता है इस पर चर्चा की गई।

इस दौरान सुनीता बाई, पूसा बाई, रूचि सिंह, मुश्कान,रेशमा, मीना, सरोज, मुन्नी बाई,केशो बाई,कल्लू बाई, पूजा सिंह, लक्ष्मीबाई,अंशो सिंह,गीता बाई, कौशिल्या बाई एवं बीएसडब्ल्यू की छात्रा रीना सिंह उपस्थित रही।

खबर संक्षेप

विद्युत प्रकरणों के संबंध में हुई अधिकारियों की बैठक

कटनी। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं जितेन्द्र कुमार शर्मा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कटनी के मार्गदर्शन में 14 मार्च को जिला न्यायालय एवं समस्त तहसील सिविल न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में विद्युत प्रकरणों का निराकरण कराये जाने के उद्देश्य से कटनी जिले के विद्युत विभाग के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिकारियों के साथ जिला न्यायालय कटनी के कॉफ्रेंस हॉल में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गोपेश गर्ग विशेष न्यायाधीश (विघुत) न्यायालय के द्वारा विद्युत विभाग के अधिकारियों से वन टू वन चर्चा कर राजीनामा योग्य प्रकरणों की जानकारी ली गई। एवं अधिक से अधिक संख्या में पक्षकारों को सूचना-पत्र जारी किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। ताकि पक्षकार नेशनल लोक अदालत का लाभ उठा सकें। इस अवसर पर सुमित शर्मा, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हर्षित बिसेन जिला विधिक सहायता अधिकारी सहित विद्युत विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहें।

पर्यावरण संरक्षण जागरूकता के लिए मॉडलों की लगाई प्रदर्शनी

कटनी। शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी में प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन और प्रभारी डॉ. रीना मिश्रा के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ऐपको द्वारा प्रायोजित था, जिसके अंतर्गत छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न विषयों पर आकर्षक मॉडल तैयार किए और एक प्रभावशाली प्रदर्शनी लगाई। प्रदर्शनी में ग्रीनहाउस इफेक्ट, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, पवन चक्की, क्लाइमेट चेंज, वृक्षारोपण तथा प्रदूषण नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण विषयों को मॉडलों के माध्यम से दर्शाया गया। छात्राओं ने इन मॉडलों के जरिए पर्यावरण के प्रति अपनी जागरूकता और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। महाविद्यालय की समस्त छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों ने इस प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा छात्राओं द्वारा दिए गए पर्यावरण संरक्षण के संदेश को सराहा। प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारी और कर्तव्य है। उन्होंने सभी को अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग, पेड़-पौधे लगाना, प्रदूषण मुक्त वाहनों का उपयोग तथा प्लास्टिक मुक्ति जैसे व्यावहारिक कदम उठाने की अपील की। उन्होंने छात्राओं के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी ही पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सबसे बड़ा बदलाव ला सकती है।

28 जल स्त्रोतों एवं 57 ट्यूबवेल का क्लोरीनेशन एवं सुधार कार्य

कटनी। नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत वार्डों में पेयजल स्त्रोतों से रोजाना प्रदाय किये जाने वाले जल का परीक्षण लगातार किया जा रहा है। इस अभियान के तहत विभागीय अधिकारी कर्मचारी वार्डो का दौरा कर वार्ड वासियों से शुद्ध पेयजल उपलब्धता के सम्बंध में पूछताछ कर जल नमूना एकत्रित किया जाकर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। अभियान के तहत नगरीय क्षेत्रों के विभिन्न जल स्त्रोतों पानी की टंकी, ट्यूबवेल, संपवेल का जल का परीक्षण किया जा रहा है और पेयजल स्त्रोतों का क्लोरीनेशन भी किया जा रहा है। इसके अलावा निगम प्रशासन द्वारा शुद्ध पेयजल आपूर्ति के मद्देनजर अब तक कुल 28 पानी की टंकी, ओवरहेड टैंक एवं सम्पवेल की सफाई के अलावा 57 ट्यूबवेल का सुधार कार्य कराया जा चुका है। वहीं 498 से अधिक लीकेज संबंधी समस्याओं पर तत्परता के साथ कार्यवाही की जा चुकी है। कार्यपालन यंत्री जल प्रदाय शाखा श्री सुधीर मिश्रा ने बताया कि जल का नमूना लिया जाकर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया।

स्कूलों से खाद्यान्न एवं सिलेण्डरों की करते थे चोरी, सभी बदमाशों को भेजा गया जेल

शातिर चोर गिरोह के 5 सदस्यों को पुलिस ने पकड़ा, पांच सिलेण्डर किये गये बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विद्यालयों से खाद्यान्न एवं गैस सिलेण्डर चोरी करने वाले गिरोह के 5 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। पुलिस के अनुसार 6 नवंबर 2025 को देवराखुर्द निवासी अर्चना तिवारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि प्राथमिक स्कूल देवराखुर्द से अज्ञात चोरों ने 05 गैस सिलेंडर और राशन सामग्री पार कर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की, लेकिन तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों की मदद से सफलता तब मिली जब कुठला पुलिस ने एक गिरोह को पकड़ा।

कुठला पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने एन.के.जे. क्षेत्र के स्कूलों में भी चोरी करना स्वीकार किया। इसके बाद एन.के.जे. पुलिस ने न्यायालय से अनुमति लेकर आरोपियों को रिमांड पर लिया और सघन पूछताछ की।

इन बदमाशों की हुई गिरफ्तारी

पुलिस ने इस मामले में कुठला थाना क्षेत्र के रहने वाले निम्नलिखित आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिनमें संदीप काछी 27 वर्ष निवासी छैघरा, कुती उर्फ सलोक कुमार कुशवाहा निवासी जोबीकला, मंजू उर्फ जयदेव पटेल निवासी जोबीकला, मनोज उर्फ रोहित यादव निवासी छैघरा एवं शनि दाहिया निवासी कछगवां शामिल है जबकि मामले का एक अन्य आरोपी करिया आदिवासी फिलहाल पुलिस की गिरफ्त से बाहर है, जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए 05 गैस सिलेंडर बरामद किए हैं। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

जिले भर में चलाया विशेष अभियान, 98 हजार रूपए की देशी एवं अंग्रेजी शराब जब्त

नशे के अवैध कारोबार की रोकथाम लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में संचालित विशेष अभियान ऑपरेशन शिकंजा के अंतर्गत 10 फरवरी को कटनी पुलिस द्वारा जिलेभर में एक साथ व्यापक एवं सघन कार्रवाई की गई। इस विशेष अभियान के दौरान जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में गठित पुलिस टीमों ने अवैध देशी एवं विदेशी शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं विक्रय में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध ताबड़तोड़ दबिश दी। कार्रवाई के दौरान विभिन्न संदिग्ध ठिकानों से भारी मात्रा में अवैध शराब, कच्ची मदिरा तथा शराब निर्माण में प्रयुक्त उपकरण एवं सामग्री नष्ट की गई।

अभियान के दौरान जिले भर में पुलिस द्वारा 67 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया जिनके पास से 117 लीटर देशी एवं अंग्रेजी शराब जब्त की गई। इसके अलावा 67 लीटर कच्ची शराब भी बरामद की गई। जब्त की गई शराब की कीमत करीब 98 हजार रूपए आंकी गई है। सभी मामलों में आरोपियों के विरुद्ध मप्र आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई करते करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि उन्हें कहीं भी अवैध शराब अथवा अन्य नशीले पदार्थों के निर्माण, बिक्री या परिवहन की जानकारी प्राप्त हो तो तत्काल नजदीकी थाना अथवा पुलिस कंट्रोल रूम को सूचित करें।

समर्पण दिवस के रूप में मनाई पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलौड़ी

सिलौंडी मंडल के दशरमन में पंडित दीन दयाल की पुण्य तिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया जिसमें बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह मुख्य वक्ता के रूप में पंडित दीन दयाल के विचारों और सामाजिक कार्यों पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय,मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी , जिला मंत्री डॉक्टर प्रशांत राय, वरिष्ठ राजा चौरसिया ने भी संबोधित करते हुए पंडित दीन दयाल के कार्यों पर विचार प्रकट किया ।

इस दौरान पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुरेश राय ,सरपंच सीमा भरत शुक्ला ,सरपंच अनिल सिंह बागरी, मंडल उपाध्यक्ष सोनू दुबे ,अरविंद तिवारी, सदन तिवारी,विनोद राय ,आनंद साहू , संतोष असाटी ,संत असाटी , सूर्य प्रकाश मिश्रा ,सोनू गौतम ,धीरज जैन आदि रहे ।

ग्राम करेला में मनाया गया दीनदयाल की पुण्यतिथि

बरही। तहसील अंतर्गत भाजपा मंडल खितौली के शक्ति केंद्र करेला में एकात्म मानववाद, अंत्योदय के प्रणेता प्रखर राष्ट्रवादी और महान विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए कार्यक्रम प्रारंभ किया गया,जिसमें मंडल अध्यक्ष मनोज तिवारी, ने प्रस्तावना रखते हुए कार्यक्रम को प्रारंभ किया, जिले से

नियुक्त वक्ता के रूप में रामलाल गुप्ता ने विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं कार्यक्रम के दौरान समर्पण निधि के रूप में रामलाल गुप्ता ने 2000 रुपये का चेक, मदनलाल जायसवाल ने 1100 रूपए का चेक मंडल अध्यक्ष को सौंपा। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता फुद्दू लाल यादव , सुनील मिश्रा,अमर सिंह मदन जायसवाल,संजू गुप्ता, रोहित गर्ग,एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

हर्बल गुलाल स्वच्छ पर्यावरण एवं महिला सशक्तिकरण का प्रतीक

बिचपुरा गांव की बेटियों ने हर्बल गुलाब से बदली होली की तस्वीर, मिलने लगे आर्डर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कभी सीमित संसाधनों और बाजार की जानकारी के अभाव में घर की चौखट तक सिमटी रहने वाली ग्राम बिचपुरा की महिलाएं आज अपनी मेहनत से न सिर्फ प्राकृतिक रंग तैयार कर रही हैं, बल्कि ग्रामीण आजीविका की नई पहचान भी बना रही हैं। विकासखंड बड़वारा अंतर्गत जीवन अमृत संकुल स्तरीय संगठन से जुड़ी चार स्व सहायता समूह—अभि, राघव, रागिनी और मानवी—की 9 महिलाओं ने "होली के रंग आजीविका के संग" अभियान को आत्मनिर्भरता की मिसाल बना दिया है।शुरुआत छोटे कदम से प्रारंभ में महिलाओं को न तो बाजार की समझ थी और न ही उत्पाद बेचने का अनुभव। जिला पंचायत की अजीविका मिशन प्रशिक्षण मिला, पैकेजिंग की जानकारी दी गई और धीरे-धीरे उन्होंने अरारोट, हल्दी, चुकंदर, पालक व गुलाब जैसी प्राकृतिक सामग्री से केमिकल मुक्त हर्बल गुलाल बनाना शुरू किया। पहले घर-घर जाकर बिक्री की, फिर हाट-बाजार तक पहुंच बनाई और अब सोशल मीडिया के माध्यम से भी ऑर्डर मिलने लगे हैं।

सुरक्षित रंग, सशक्त महिलाएंइन महिलाओं द्वारा बनाया गया गुलाल न केवल त्वचा, आंख और सांस के लिए सुरक्षित है, बल्कि पर्यावरण को भी नुकसान नहीं पहुंचाता। बच्चों और बुजुर्गों के लिए उपयुक्त यह हर्बल गुलाल आज स्थानीय बाजार में खास पहचान बना चुका है।बढ़ी आमदनी, बढ़ा आत्मविश्वासजहां पहले महिलाएं घरेलू खर्चों के लिए दूसरों पर निर्भर थीं, वहीं अब होली के मौसम में अभी से मिल रहे एडवांस आर्डरो की वजह से हजारों रुपये की अतिरिक्त आय अर्जित कर रही हैं। सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि अब वे आत्मविश्वास से बाजार में अपनी बात रखती हैं, ग्राहक से संवाद करती हैं और भविष्य की योजनाएं स्वयं बना रही हैं।एक पहल, कई बदलाव सेमहिलाओं को रोजगार मिलापर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलासुरक्षित होली का संदेश फैलागांव में उद्यमिता की सोच विकसित हुई।

आज बिचपुरा की ये महिलाएं साबित कर रही हैं कि यदि सही मार्गदर्शन और अवसर मिले, तो ग्रामीण महिलाएं भी नवाचार और मेहनत से अपनी पहचान गढ़ सकती हैं।हर्बल गुलाल केवल रंग नहीं — यह है स्वास्थ्य, स्वच्छ पर्यावरण और महिला सशक्तिकरण का प्रतीक।

बहोरीबंद विकासखंड में हितग्राहियों को दी गई मुर्रा भैंसें

मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना के तहत बहोरीबंद विकासखंड के पशु पालको का सपना साकार हो रहा है। पशु पालक को योजना के वित्तीय सहायता मिल रही है जिस कारण पशु पालक अच्छी नस्ल की भैस लाकर दुग्ध उत्पादन से आमदनी कर सकते है। पशु ओषधालय कार्यालय बहोरीबंद में बहोरीबंद के पांच हितग्राहियों को मुर्रा भैंस प्रदान की गईं। जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, एसडीएम राकेश चौरसिया ने पशु पालको को फूल माला पहनाकर मुर्रा भैंस प्रदाय की। विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारी नेहा सुरेश्वर ने बताया कि मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना के तहत विकासखंड बहोरीबंद के चयनित हितग्राही श्रीराम मेहरा ग्राम कूड़ा खुर्द,राकेश कुमार यादव ग्राम सलैया एवं बहोरीबंद से नरेश यादव, अज्जू यादव एवं रेखा दुबे को दो-दो मुर्रा भैंस प्रदान की गईं। उक्त मुर्रा भैंसे हरियाणा करनाल से मँगाई गईं। योजना के तहत एससी /एसटी हितग्राहियो को 75 प्रतिशत सब्सिडी ओर पिछड़ा वर्ग के हितग्राहियो को 50 प्रतिशत सब्सिडी मिल रही है। इस दौरान विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ नेहा सुरेश्वर, डॉ जयकुमार केवट, एस एस पटेल,सी एस बर्मन एवं पशु सखी संगीता लोधी एवं अन्य मैत्री जन उपस्थित रहे। योजना का सफल संचालन उपसंचालक डॉ आर के सोनी के मार्गदर्शन में किया गया।

चिया की खेती से किसानों को बंपर लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

चिया की खेती किसानों के लिए कम लागत और मेहनत में बंपर मुनाफा देने वाला एक बेहतरीन विकल्प है। इस फसल को रबी मौसम में कम पानी और खाद की आवश्यकता होती है और यह कीड़ों से भी सुरक्षित रहती है साथ ही इसकी फसल में मौसम की मार का प्रभाव भी काम होता है।जिले के किसानों में इसकी खेती के प्रति धीरे-धीरे दिलचस्पी बढ़ती जा रही है। विकासखंड बहोरीबंद के ग्राम सुनाई निवासी संजय मिश्रा करीब 2 हेक्टेयर में चिया और धान एवं गेहूं की प्राकृतिक व जैविक खेती कर पहले से लगभग दोगुना मुनाफा अर्जित कर रहे हैं।

कृषि विभाग की आत्मा योजनान्तर्गत मिली प्राकृतिक व जैविक खेती की सलाह पर अमल कर कृषक संजय मिश्रा करीब एक हेक्टेयर में रोपण पद्धति से धान की खेती,0.80 हेक्टेयर में गेहूं की क़तार बोनी और 0.20 हेक्टेयर में चिया की छिटकवा पद्धति से खेती कर परंपरागत खेती की तुलना में करीब-करीब दोगुनी आय प्राप्त कर रहे हैं। जहां पहले वह दो हेक्टेयर भूमि पर धान व गेहूं की परंपरागत खेती से मात्र 61 हजार रुपए की ही आय अर्जित कर पाते थे। वहीं प्राकृतिक व जैविक खेती की वजह से शुद्ध मुनाफा बढ़ कर अब एक लाख 18 हजार रुपए हो गया है। कृषक श्री मिश्रा बताते हैं कि उन्होंने करीब 0.20 हेक्टेयर में चिया की खेती कर 2 क्विंटल चिया का उत्पादन किया। जिसे बाजार में 15 हजार रुपए प्रति क्विंटल की दर से 30 हजार रुपए में बेचा और 5 हजार रुपए लागत काट कर उन्हें चिया की खेती से शुद्ध 25 हजार रुपए का लाभ हुआ।

मानव आहार मे इसके बीजों का उपयोग महत्वपूर्ण माना गया है। इनमें प्रोटीन,फाइबर, ओमेगा-3 वसा, कैल्शियम, मैग्नीशियम, फास्फोरस और विटामिन बी जैसे अन्य पोषक तत्व होते हैं। चिया बीज एक सुपरफूड के रूप में जाने जाते हैं, क्योंकि इसमे विभिन्न प्रकार के औषधीय गुण पाएं जाते हैं और विभिन्न तरीकों से खाये जा सकते हैं। चिया के बीज को अन्य खाद्य पदार्थों में टॉपिंग के रूप में जोड़ा जा सकता है या स्मूदी, नाश्ते के अनाज, एनर्जी बार, ग्रेनोला बार, दही, टॉर्टिला और ब्रेड में डाला जा सकता है। चिया बीज स्वस्थ त्वचा के लिए, बढती उम्र के प्रभाव को कम करना, हृदय और पाचन तंत्र को बेहतर करना, मजबूत हड्डियों और मांसपेशियों का निर्माण करने में सहायक होते हैं। यह मधुमेह को कम करने के लिए भी सहायक माने जाते हैं। इसका सेवन शरीर व दिल को बीमारियों से लड़ने के लिए शक्ति प्रदान करता है।

कमियों को दूर करने एवं साफ सफाई को और बेहतर बनाने दिये निर्देश

एएसपी ने थाना बहोरीबंद व स्लीमनाबाद का औचक निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया द्वारा बुधवार को थाना बहोरीबंद एवं थाना स्लीमनाबाद का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी बहोरीबंद अखिलेश दहिया , थाना प्रभारी स्लीमनाबाद सुदेश समन, रीडर 2 उप निरीक्षक मंगलेश द्विवेदी, थाना स्टाफ उपस्थित रहा।

निरीक्षण के दौरान बहोरीबंद थाना परिसर स्थित पुरुष एवं महिला बंदीगृह का अवलोकन किया गया, जिसमें साफ-सफाई की स्थिति को और अधिक बेहतर बनाए जाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।इसके पश्चात गुण्डा रजिस्टर, निगरानी रजिस्टर एवं अन्य संबंधित अभिलेखों की जांच की गई, जिसमें चेकिंग अपेक्षाकृत कम पाई गई, जिस पर तत्काल सुधार हेतु निर्देशित किया गया।

एएसपी द्वारा अ, ब एवं स वर्ग की ग्राम अपराध पुस्तिकाओं का निरीक्षण किया गया, जिसमें वर्ष 2026 की प्रविष्टियों में टीप अंकित पाई गई। थाना स्तर पर संधारित एफआईआर एवं शून्य एफआईआर रजिस्टर विधिवत एवं अद्यतन पाए गए। आगंतुक रजिस्टर का निरीक्षण करने पर वर्ष 2026 में कुल 130 प्रविष्टियां दर्ज होना पाया गया।साथ ही थाना भवन एवं पुलिस आवास का निरीक्षण कर शासकीय मद से आवंटित राशि के समुचित, पारदर्शी एवं प्रभावी उपयोग हेतु निर्देश प्रदान किए गए। थाने में स्थापित सीसीटीवी कैमरे चालू अवस्था में पाए गए। ई-समंस एवं वारंटों की तामीली की समीक्षा संतोषजनक पाई गई।

थाना स्लीमनाबाद में निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय, मालखाना, अभिलेख संधारण, सीसीटीएनएस कार्य एवं पुरुष एवं महिला बंदीगृह की व्यवस्थाओं का एएसपी ने गहन अवलोकन किया गया। एएसपी द्वारा साफ-सफाई बनाए रखने, लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण, कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ रखने, रात्रि गश्त को प्रभावी बनाने एवं फरियादियों से शालीन एवं संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान थाने में संधारित अभिलेखों को नियमित रूप से अद्यतन रखने, शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन करने तथा आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं निष्पक्ष निराकरण प्राथमिकता के आधार पर करने पर विशेष जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान एएसपी द्वारा धारा 173(8) जा.फौ. के लंबित प्रकरणों के निकाल की स्थिति तथा अनुसूचित जाति / जनजाति (SC/ST) अत्याचार निवारण अधिनियम से संबंधित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई।

किसानों को दी जा रही उन्नत कृषि यंत्रों की जानकारी

सब सॉइलर से सुधरेगा मिट्टी का स्वास्थ्य, बढ़ेगी पैदावार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कृषक कल्याण वर्ष 2026 "समृद्ध किसान–समृद्ध मध्यप्रदेश" अभियान के अंतर्गत कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर कृषि रथ गांव-गांव भ्रमण कर किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से अवगत करा रहा है।

इसी क्रम में कृषि अभियांत्रिकी विभाग के उपयंत्री संदीप पीपड़ा द्वारा विकासखंड ढीमरखेड़ा के ग्राम पोनिया,पडरभटा और कनौजा ग्राम के किसानों को विभागीय योजनाओं एवं उन्नत कृषि यंत्रों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने विशेष रूप से सब सॉइलर कृषि यंत्र की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि लगातार हार्वेस्टर व ट्रैक्टर के उपयोग तथा रासायनिक खादों के कारण खेत की मिट्टी अत्यधिक कठोर होती जा रही है। इससे जमीन में पानी का अवशोषण कम हो रहा है, जलभराव की समस्या बढ़ रही है तथा भू-जल स्तर लगातार नीचे जा रहा है।

24 इंच तक तोड़ता है मिट्टी

उपयंत्री पीपड़ा ने बताया कि सामान्य कृषि यंत्र केवल मिट्टी की ऊपरी परत को भुरभुरा करते हैं, जबकि सब सॉइलर बिना ऊपर की मिट्टी पलटे खेत की निचली कठोर परत को 18 से 24 इंच गहराई तक तोड़ता है। इससे मिट्टी के निचले स्तर तक हवा और पानी का संचार होता है, जिससे मिट्टी का स्वास्थ्य बेहतर होता है, जल धारण क्षमता बढ़ती है तथा गहरी जड़ वाली फसलों के विकास में सहायता मिलती है।

ये होते हैं लाभ

उन्होंने बताया कि सब सॉइलर के उपयोग से खेत का पानी नीचे परकुलेट होने लगता है, जिससे भूमि अधिक उपजाऊ बनती है और भू-जल स्तर में सुधार होता है। इसके सकारात्मक प्रभाव से कुएं, बावड़ी आदि में भी जलस्तर बढ़ने लगता है। यह यंत्र जल निकासी एवं नमी प्रबंधन में भी सहायक है—अधिक वर्षा की स्थिति में जलभराव से फसलों की रक्षा करता है, वहीं सूखे समय में जड़ों तक नमी बनाए रखने में मदद करता है। कार्यक्रम के दौरान किसानों को सब सॉइलर के लाभों की जानकारी देते हुए इसके प्रयोग को अपनाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर कृषि विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

वृद्धाश्रम में होंगे निःशुल्क शिविर

कटनी। शासन के निर्देशानुसार वरिष्ठ नागरिकों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने हेतु होलिस्टिक वेल बीइंग कैम्पस कार्यक्रम के अंतर्गत आयुष विभाग तथा सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संयुक्त रूप से निःशुल्क आयुर्वेद एवं होम्योपैथी स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 12 फरवरी,13 फरवरी एवं 19 ,20, 26 एवं 27 फरवरी को दद्दा धाम वृद्धाश्रम एवं बच्चन नायक वृद्धाश्रम में आयोजित होंगे। शिविरों के माध्यम से वृद्धजनों को निःशुल्क ब्लड प्रेशर एवं शुगर जांच, आवश्यक औषधि वितरण, योगासन अभ्यास तथा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का लाभ दिया जाएगा। इसके साथ ही जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम एवं स्वस्थ दिनचर्या अपनाने के लिए विशेषज्ञों द्वारा परामर्श भी प्रदान किया जाएगा।

अग्निवीर भर्ती रैली के लिए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पुलिस ग्राउंड झिंझरी 13 से 24 फरवरी 2026 के मध्य आयोजित होने वाली अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली में लगभग 15 जिलों के आवेदक सम्मिलित होने की संभावना है। अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा उक्त रैली में अत्यधिक भीड़ की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए जिले के महत्वपूर्ण स्थल पर शहर में शांति एवं कानून व्यवस्था हेतु अपर कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई जाकर कार्य दायित्व सौंपे गए है।

अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार हर्षवर्धन रामटेके एएसएलआर प्रभारी नायब तहसीलदार को पुलिस लाइन ग्राउण्ड झिंझरी के अंदर रैली स्थल पर प्रातः 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक डयूटी लगाई गई है। इसी प्रकार अतुलेश सिंह नायब तहसीलदार तहसील ग्रामीण कटनी की पुलिस लाईन ग्राउंड झिंझरी के अंदर रैली स्थल पर दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक डियूटी लगाई गई है। इसी प्रकार ऋषि गौतम नायब तहसीलदार तहसील बड़वारा की पुलिस लाईन ग्राउंड झिंझरी के बाहर गेट एवं आस पास प्रातः 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक डयूटी लगाई गई है। वहीं आशीष कुमार चतुर्वेदी नायब तहसीलदार तहसील विजयराघवगढ़ की डयूटी पुलिस लाइन ग्राउंड झिंझरी के बाहर गेट एवं आसपास के स्थल पर दोपहर 02 बजे से रात्रि 10 बजे तक डयूटी लगाई गई है। प्रशन्न कुमार वर्मा प्र.नायब तहसीलदार तहसीलदार बरही की डयूटी बस स्टैंड कुठला, मुख्य रेल्वे स्टेशन, मुड़वारा रेल्वे स्टेशन, साउथ रेल्वे एवं मिशन चौक कटनी में में प्रातः 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक लगाई गई है।

खास बातें

भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि

अमानगंज। नगर परिषद कार्यालय परिसर में बुधवार शाम 5 बजे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन मंडल अध्यक्ष डॉ. प्रसांत चतुर्वेदी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके विचारों और राष्ट्रसेवा के योगदान को स्मरण किया। वक्ताओं ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय जी का "एकात्म मानववाद" का सिद्धांत आज भी समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष सारिका सारदा खटीक, दशरथ गुप्ता, संजय तिवारी, भूपेन्द्र सिंह, आनंद सिंह सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित में उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेकर किया गया।

अमरछी रेत खदान पर प्रशासन का छापा, मचा हड़कंप

अजयगढ़। अजयगढ़ क्षेत्र के धरमपुर थाना अंतर्गत ग्राम अमरछी रेत खदान पर बुधवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए छापा मारा। इस संयुक्त कार्रवाई में पन्ना खनिज विभाग, अजयगढ़ राजस्व विभाग और पुलिस की टीम शामिल रही। छापेमारी की खबर मिलते ही क्षेत्र में सक्रिय रेत माफियाओं में हड़कंप मच गया। प्रशासनिक टीम ने मौके से कई एलएनटी मशीनें और डंपर जब्त किए हैं। कार्रवाई के दौरान खदान के सीमा विवाद को लेकर मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश प्रशासन के बीच कहासुनी भी हुई। बताया जा रहा है कि सीमा विवाद के चलते पकड़ी गई 2 एलएनटी मशीनें और 3 डंपर उत्तरप्रदेश प्रशासन को सुपुर्द किए गए, जबकि 2 एलएनटी मशीनें मध्यप्रदेश प्रशासन ने जब्त की हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार खदान अवैध रूप से संचालित की जा रही थी।

अतिरुद्र महायज्ञ, पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का चल रहा आयोजन

मनुष्य का नाम नहीं, कर्म श्रेष्ठ होता है- पं. डॉ अनिल शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

उपकाशी नगरी हटा इन दिनों भक्ति, श्रद्धा और अध्यात्म की त्रिवेणी में सराबोर है, दूल्हा भेषधारी देवश्री गौरीशंकर मंदिर परिसर में आयोजित अतिरुद्र महायज्ञ, पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन दद्दा कला मंच से कथा व्यास पं. डॉ. अनिल शास्त्री घनश्याम बाग के द्वारा छोटी कथा का वृतांत बताते हुए कहा कि जरूरी नही है कि किसी का नाम रामलाल हो तो वह नाम के अनुरूप ही होगा, अतः कर्म श्रेष्ठ है न कि मनुष्य का नाम श्रेष्ठ है। उन्होंने हमारे जीवन संयम की व्याख्या करते हुए शास्त्री जी ने बताया कि अगर जीवन में संयम वाला सदाचारी है तो आयु सौ वर्ष की होती है लेकिन वर्तमान में लोग चिंतन और संयम को उतना महत्व नहीं देते हैं। कहते हैं कि अंत के समय भगवंत का स्मरण कर लिया जाए तो उद्धार हो जाता है लेकिन यह सत्य नहीं हैं क्योंकि जीवन भर हम गृहस्थ जीवन में जो भी देखते हैं, सोचते हैं और करते हैं। वही हमारे जीवन में आस-पास अंत तक ही चलता रहता है और अंत समय में हम कितना भी प्रयास करें लेकिन भगवान का स्मरण एकाग्रता से नहीं ले पाते हैं इसलिए अंत समय का इंतजार न करते हुए प्रभु की भक्ति का थोड़ा सा समय निकालना जरूरी है। यहां पर बताया गया कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए व्यक्ति हर संभव प्रयास करता है लेकिन वह अपनी चाल, कामकाज, आचार, व्यवहार, और आहार, विहार को नहीं बदलता है, त्याग समर्पण नहीं करता है, जिससे लक्ष्य पूर्ति कभी नहीं हो पाती है। यहां उन्होंने भ्रम के बारे में बताया कि जरूरी नही है कि ढंकने वाला पर्दा खूबसूरत है तो दूसरी तरफ खूबसूरती ही होगी, कई बार हम देखकर अंदाजा लगाकर भ्रम पाल लेते है लेकिन जब पर्दा हटता है तो सच्चाई सामने आती है, तब यह भ्रम टूटता है, इसलिए बिना जाने भ्रम नही पालना चाहिए। शास्त्री जी ने कथा में आगे बताया कि हमारे पास बहुत से भक्त आते हैं, जिसमें कोई दुख दर्द दूर करने तो कोई अपने घर परिवार के लिए ही प्रार्थना करता है लेकिन प्रभु की भक्ति में मन लग जाए ऐसा कोई नहीं करता है। प्रभु भक्ति पर कहा गया कि तीन कार्यो को करने से भगवान का स्मरण स्वयं ही हो जाता है। इसमें कथा को सुनो सुनाओ और गुनगुनाओ बस इसी में आप भगवद स्मरण कर लेगें और उसका पुण्य अर्जन भी हो जाएगा। कथा के दौरान कार्यक्रम के सूत्रधार कुँ पुष्पेंद्र सिंह हजारी, रामकुमार असाटी, यज्ञ समिति अध्यक्ष अनुराग वर्धन सिंह हजारी, जबेरा प्रताप सींग लोधी सहित कथा यजमानों सहित बड़ी संख्या में कथा श्रोताओं की मौजूदगी रही।

धर्म के आयोजन में कल्याण की आहुतियां

धर्म के इस महाआयोजन में प्रातः पं. डॉ. मथुरा प्रसाद शुक्ल वाराणसी के निर्देशन में विश्व शांति और मानव कल्याण के लिए आहूत अतिरुद्र महायज्ञ अनुष्ठान में 8 बजे से प्रतिदिन बड़ी संख्या में यजमान 25 कुण्डीय महायज्ञ में वैदिक मंत्रों के साथ हवनात्मक आहुतियां दे रहे है। वही दूसरी ओर प्रातः 7 बजे से बड़ी संख्या में श्रद्धालु देव श्री गौरीशंकर मंदिर पहुंचकर विधि विधान एवं भक्ति भाव के साथ पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर और महाभिषेक कर भव्य शोभायात्रा कर माध्यम से ढोल नगाड़ों पर थिरकते हुए सुनार नदी के घुराघाट तट पर मंगल आरती के साथ पार्थिव शिवलिंग विसर्जित कर धार्मिक पुण्य लाभ अर्जित कर रहे है।

दस्तक अभियान द्वितीय चरण क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय अर्न्तविभागीय कार्यशाला संपन्न

दमोह। दस्तक अभियान के द्वितीय चरण के सुचारू रूप से व्यवस्थित क्रियान्वयन हेतु स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की अर्न्तविभागीय कार्यशाला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. अठया की अध्यक्षता में सीएमएचओ सभाकक्ष में की गई। इस दौरान जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. विक्रांत चौहान एवं

जिला कार्यक्रम प्रबंधक विशेष रूप से मौजूद रहे। डॉ. अठया ने बताया कि प्रदेश व्यापी दस्तक अभियान द्वितीय चरण का क्रियान्वयन 17 फरवरी से 19 मार्च तक किया जायेगा। अभियान दौरान बच्चों को सेहतमंद बनाये रखने में उपयोगी विटामिन ए अनुपूरण तथा एनीमिक बच्चों का फॉलोअप जांच एवं समुचित प्रबंधन किया जायेगा। डॉ. अठया ने अभियान क्रियान्वयन के संबंध में मौजूद स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग अमले को आपसी समन्वय से कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये। अभियान के संबंध में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. विक्रांत चौहान ने बताया कि ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर ग्राम में आयोजित सत्र में 9 माह से 5 वर्ष तक के समस्त बच्चों को विटामिन ए अनुपूरण तथा दस्तक अभियान प्रथम चरण में चिन्हित 6 माह से 5 वर्ष के अल्प मध्यम अथवा गंभीर एनीमिक बच्चों की एनीमिया फॉलोअप जांच एवं समुचित उपचार, प्रबंधन किया जायेगा। सत्र दौरान एएनएम डिजीटल हिमोग्लोबिनोमीटर से एनीमिया जांच की जायेगी। सत्र दौरान ड्यू लिस्ट अनुरूप छूटे हुए बच्चों को एएनएम की निगरानी में ग्राम में अगले ही दिन मॉपअप दिवस पर आशा-आंगनवाडी कार्यकर्ता द्वारा गृह भेंट कर आयु अनुरूप छूटे हुए बच्चों को विटामिन ए अनुपूरण कराया जायेगा। जबकि एएनएम द्वारा आयोजित सत्र स्थल पर छूटे हुए बच्चों की एनीमिया जांच की जायेगी। हितग्राही बच्चों को लाने का कार्य महिला बाल विकास विभाग के मैदानी कार्यकर्ताओं के द्वारा किया जायेगा। आंगनवाडी केन्द्रों पर दी जाएँगी सेवाएँ कार्यशाला दौरान बताया गया कि समस्त लक्षित बच्चों तक दस्तक सेवा प्रदायगी के लिए सभी आंगनवाडी केन्द्रों पर सत्रों का आयोजन किया जायेगा। कार्यशाला दौरान एम एण्ड ई, बीपीएम, बीसीएम, बीईई, महिला बाल विकास विभाग के सुपरवाईजर तथा स्वैच्छिक संगठन अंतरा के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

श्रीमद्भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

जबेरा। जबेरा के समीप बिछिया कॉलोनी में पटेल परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसकी कलश यात्रा जबेरा के सिद्ध पीठ श्री नरसिंह देवालय से प्रारंभ होकर नगर की गली चौराहा से होकर पुनः बिछिया कॉलोनी पहुंची जहां पर प्रथम दिवस की कथा सुनाई गई। कथा व्यास पंडित संदीप कृष्ण शास्त्री महाराज ने कहा कि मनुष्य के कई जन्मों की पुण्य उदय होते हैं तब हमें श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने का अवसर प्राप्त होता है। कथा श्रवण व्यक्ति मोह माया के जंजाल से मुक्त हो जाता है और हरी की कृपा उस पर बनी रहती है। कथा के मुख्य अजमान चंदूलाल पटेल, कुसुम रानी पटेल के साथ कलश यात्रा में मोहन पटेल, भैया लाल पटेल, बसंत पटेल, प्रीतम पटेल, तरन बद्दू पटेल के साथ ग्रामवासी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री का नोहलेश्वर महोत्सव एवं किसान सम्मेलन में कल होगा आगमन

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री कोचर ने जिले के समस्त संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये

दमोह। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का नोहलेश्वर महोत्सव 2026 एवं किसान सम्मेलन कार्यक्रम में 13 फरवरी को ग्राम नोहटा आगमन प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जी के साथ मंत्रीगण एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे। इसी के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने जिले के समस्त संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। जिला मजिस्ट्रेट श्री कोचर ने मंच पर व्हीआईपी एवं जनप्रतिनिधियों को वरिष्ठता क्रमानुसार बैठक व्यवस्था के लिये अनुविभागीय दण्डाधिकारी तेन्दूखेड़ा तथा कार्यक्रम स्थल को सेक्टरों में बांटकर बेरीकेटिंग करवाने व्यवस्था के लिये कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिये है। उन्होंने कार्यक्रम स्थल में आने वाले आमजनों को पेयजल की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल के आसपास कीट, पतंगे, बंदर एवं मधुमक्खी के छत्ते हटवाने, कार्यक्रम स्थल के आसपास एवं हैलीपेड स्थल के आसपास से आवारा जानवरों को पूर्व से ही हटवाने, कार्यक्रम के मार्गो की साफ-सफाई, मार्गो को दुरूस्त करवाने के लिये मार्गो के सोल्डर भरवाने, मार्गो में लगी झाड़ियों की छटाई, मार्गो में पड़े, पुराने मलवे आदि को हटाने के लिये तथा आवारा पशुओं को मार्ग से हटवाने हेतु हांका दल बनाने एवं मार्ग से पेड़ तथा झाड़ियों को साफ करवाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। जिला मजिस्ट्रेट श्री कोचर ने कार्यक्रम स्थल के आसपास विद्युत पोल की शिफ्टिंग कराये जाने, निर्बाधविद्युत आपूर्ति, ढीले तारों का दुरूस्तीकरण, खुले ट्रांसफार्मर एवं खुले विद्युत प्वाइंटों को बंद करवाने, कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य व्यवस्था के लिये एम्बुलेंस मय प्रशिक्षित टीम की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल से आमसभा स्थल के मध्य मार्ग से अतिक्रमण हटवाने के लिये एवं बैठक स्थल से आमसभा स्थल के मध्य मार्ग से अतिक्रमण हटवाने तथा पार्किंग स्थल पर विद्युत लाईनों को ऊंचा एवं दुरूस्त करवाने के लिये निर्देशित किया है। उन्होंने हैलीपेड स्थल, आमसभा स्थल पर सेक्टर बनवाने, बेरीकेटिंग एवं मार्ग से अस्थाई डिवाईडर, बेरीकेटिंग करवाने, मंचीय कार्यक्रम के लिये ₹डी₹ व्यवस्था कराये जाने के साथ हैलीपेड, मंदिर दर्शन, मंचीय व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रम व्यवस्था, प्रदर्शनी मेला भ्रमण के दौरान सम्मिलित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिकों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये है। जिला मजिस्ट्रेट श्री कोचर ने सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी समय-सीमा में पुलिस विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं।

आज के बच्चे कल का भविष्य, शिक्षा के साथ संस्कार जरूरी : ऋषिकांत गर्ग

बनवार। खेर माता मंदिर प्रांगण में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन वातावरण भक्तिमय हो उठा। कथा प्रवक्ता बालव्यास पं. ऋषिकांत गर्ग ने ध्रुव चरित्र का मार्मिक वर्णन करते हुए समाज को गहरा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि "आज के बच्चे ही कल के देश का सुनहरा भविष्य हैं। यदि उन्हें अच्छी शिक्षा के साथ श्रेष्ठ संस्कार मिलें, तो वे देश के सच्चे और आदर्श नागरिक बन सकते हैं।" पं. गर्ग ने चिंता जताते हुए कहा कि वर्तमान समय में कई बच्चे मोबाइल, सोशल मीडिया और वीडियो गेम की लत का शिकार हो रहे हैं, जिससे उनका अमूल्य समय और

भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया कि वे बच्चों के साथ समय बिताएं, संवाद करें और उनकी गतिविधियों पर ध्यान दें। पढ़ाई करने वाले बच्चों को अनावश्यक डिजिटल आकर्षण से दूर रखते हुए उन्हें सकारात्मक वातावरण प्रदान करना अत्यंत आवश्यक है। कथा के दौरान वामन भगवान और राजा बलि की कथा का भी भावपूर्ण वर्णन किया गया। पं. गर्ग ने बताया कि इस प्रसंग से हमें यह सीख मिलती है कि जब कोई व्यक्ति सद्कर्म कर रहा हो तो उसे रोकना नहीं चाहिए। शुक्राचार्य द्वारा राजा बलि को दान से रोकने का परिणाम उन्हें स्वयं भुगतना पड़ा। संदेश स्पष्ट है कि अच्छे कार्य करना ही सच्ची पूजा है और हमें निरंतर नेक मार्ग पर चलते रहना चाहिए। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। संगीतमय प्रस्तुति और आध्यात्मिक वातावरण ने सभी को भावविभोर कर दिया। आयोजन के माध्यम से ग्रामवासियों ने समाज को यह संदेश दिया कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शिक्षा और संस्कार दोनों समान रूप से आवश्यक हैं।

भारतीय सफाई मजदूर संघ ने सौंपा ज्ञापन

दमोह। भारतीय सफाई मजदूर संघ जिला दमोह जिला एवं नगर कार्यकारिणी के सदस्य के द्वारा आज पुनः एक ज्ञापन मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सौपा गया। जिसमें प्रमुख रूप से सफाई कर्मचारियों को एरियास और कर्मचारियों को ड्रेस एवं आईडी कार्ड देने के संबंध में जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने तुरंत मांगों के संबंध में एरियास भुगतान और आई कार्ड जारी करने को संबंधित अधिकारी को आदेशित किया ज्ञापन में प्रमुख रूप से भारतीय सफाई मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष सिकंदर ख़रारे, जिला महामंत्री निखलेश चौहान, नगर अध्यक्ष सुनील करोसिया, नगर महामंत्री रत्नेश ख़रारे, नगर उपाध्यक्ष देवेंद्र करोसिया, ब्रजकांत गोदरे, राजेश गोदरे समस्त कार्यकारिणियों सदस्य के द्वारा ज्ञापन सोपा गया मुख्य नगर पालिका अधिकारी के तुरंत आदेश करने पर उनका बहुत-बहुत मजदूर संघ की तरफ से धन्यवाद व्यापित करते हैं।

शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में एबीवीपी छात्रों का प्रदर्शन

पन्ना। शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय शाहनगर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से जुड़े छात्र-छात्राओं ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर विगत दिवस मंगलवार को प्राचार्य कक्ष में तालाबंदी कर प्रदर्शन किया। छात्रों का कहना है कि वे पिछले कई महीनों से महाविद्यालय में पेयजल हेतु वाटर कूलर, बेहतर फर्नीचर तथा स्वच्छ शौचालय व्यवस्था की मांग कर रहे हैं। इन मांगों को लेकर छात्रों द्वारा विधिवत ज्ञापन भी तैयार किया गया था। ज्ञापन लेने के लिए शाहनगर तहसीलदार कोमल चढ़ार महाविद्यालय पहुँची थीं, लेकिन छात्रों ने ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) राम निवास चौधरी को ही सौंपने की मांग पर अड़ गए। इसी कारण ज्ञापन नहीं सौंपा जा सका और छात्र बिना ज्ञापन दिए वापस लौट गए। छात्रों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए मौके पर पुलिस बल भी तैनात रहा। छात्रों ने बताया कि एसडीएम को पूर्व में सूचना दी गई थी, इसके बावजूद वे ज्ञापन लेने नहीं पहुँच सके। इस दौरान छात्रों द्वारा जमकर नारेबाजी भी की गई।

शादियों में ज्वेलरी शॉपिंग का बदला ट्रेंड, दुल्हन को गहने के बजाय दे रहे नगद रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

शादियों में अब चांदी-सोने के आभूषणों की शॉपिंग का ट्रेंड बदल गया है। महंगाई के चलते परिजन व रिश्तेदार दुल्हन को गहनों की जगह सीधे उनको व्योहार (उपहार) में नगद रुपए दे रहे रहे हैं। अब शादी-विवाह में चांदी-सोने के गहनों का चलन नाममात्र तक सीमित रह गया। शहर के सराफा कारोबारी नीलेश सराफ ने बताया कि अब लोग शादी-विवाह में पहले की तरह तोले के हिसाब से दुल्हन के लिए ब्राइडल ज्वेलरी सेट नहीं खरीद रहे, बल्कि एक फिक्स अमाउंट बजट के हिसाब से सोने-चांदी की ज्वेलरी खरीद रहे हैं।

अब ज्यादातर परिवार चाहे वह मध्यवर्गीय परिवार हो या फिर हाईप्रोफाइल, सभी घरों की शादी में दूल्हा दुल्हन को नगद रुपए व्योहार कर रहे हैं। इसके बाद दुल्हन अपनी सुविधा और बजट के हिसाब से अपने लिए ज्वेलरी खरीद रही शादी-विवाह में दूल्हे-दुल्हन को रस्म के तौर पर डिजिटल पेमेंट से शगुन देने की परपंरा आजकल समाज में तेजी से बढ़ रही है। इस तरह से नवदंपति शादी की रस्म में मिले पैसों से अपनी सुविधा व बजट के अनुरूप मनपसंद ज्वेलरी खरीद रहे हैं या अन्य दूसरा इन्वेस्ट कर पा रहे हैं।

चांदी 3 लाख 10 हजार प्रति किलो-

हटा के सराफा व्यापारी ने बताया कि बाजार में बुधवार को सोने का भाव 1 लाख 53 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम, चांदी का भाव 3 लाख रुपए प्रति किलोग्राम रहा। शादी के इस सीजन में सराफा बाजार में सोने-चांदी के हर दिन भाव यानी चढ़ती-उतरती कीमतों के बीच ग्राहक आभूषणों के वजन में कटौती कर रहे हैं।

बोर्ड परीक्षाओं के लिए 90 केंद्र में से 7 आदर्श परीक्षा केंद्र बने

प्रवेश द्वार पर गुब्बारों से स्वागत, विद्यार्थियों के लिए बेहतर सुविधाओं की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए जिले में कुल 90 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से सात केंद्रों को आदर्श परीक्षा केंद्र के रूप में विकसित किया गया है, जहां परीक्षार्थियों को बेहतर और अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है। आदर्श परीक्षा केंद्र के रूप में सांदीपनि विद्यालय पथरिया, सांदीपनि विद्यालय तेंदूखेड़ा, सांदीपनि विद्यालय दमोह, सांदीपनि विद्यालय हटा, सांदीपनि विद्यालय पटेरा, सांदीपनि विद्यालय जबेरा तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खडेरी को तैयार किया गया है। इन केंद्रों पर विद्यार्थियों का स्वागत प्रवेश द्वार पर गुब्बारों के साथ किया जा रहा है, जिससे परीक्षा का तनाव कम हो और सकारात्मक वातावरण का निर्माण हो सके। प्रत्येक कक्षा के बाहर शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई है। साथ ही स्वच्छ शौचालय, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और पंखों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। जिला प्रशासन द्वारा प्रयास किया गया है कि परीक्षा केंद्रों का माहोल हर दृष्टि से परीक्षा के अनुकूल, शांत एवं सुव्यवस्थित रहे, ताकि विद्यार्थी बिना किसी असुविधा के आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दे सकें।

श्री हरि भगवान श्री कृष्ण के नाम जापक के लिए समस्त सिद्धियां प्राप्त हो जाती हैं - पं रवि शास्त्री

दमोह। स्थानीय सिविल वार्ड 7 स्टेडियम के पास चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिवस में कथा व्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण श्री राधा श्री राम नाम का जाप करने वाले के लिए समस्त सिद्धियां प्राप्त हो जाती हैं भगवन्नाम की महिमा को बताते हुए उन्होंने कहा कि जिस नाम का इतना प्रभाव महत्त्व और विस्तार है उस पर मुझ जैसा रसानभिज्ञ मनुष्य क्या कह सकता है मेरा तो यह केवल एक तरह का दुःसाहस है जो संतों की कृपा और प्रेमियों के प्रेमके भरोसे पर ही किया जा रहा है मैं भगवन्नामकी महिमा क्या कहूं मैं तो नाम का ही जिलाया जी रहा हूँ शास्त्रों में नाम महिमा के इतने अधिक प्रसंग हैं कि उनकी गणना करना भी बड़ा कठिन कार्य है इतना होते हुए भी जगत के सब लोग नाम पर विश्वास क्यों नहीं करते नाम का साधन तो कठिन नहीं प्रतीत होता पूजा होम यज्ञ आदि में जितना अधिक प्रयास और सामग्रियों का संग्रह करना पड़ता है इसमें वह सब कुछ भी नहीं करना पड़ता तो भी सब लोग नाम परायण क्यों नहीं होते इसका उत्तर यह है कि नाम परायण होना जितना मुख से सहज कहा जाता है वास्तवमें उतना सहज नहीं है बड़े पुण्यबलसे नाममें रुचि होती है शास्त्र पढ़ना उपदेश देना बड़े बड़े शास्त्रार्थ करना सहज है परन्तु निश्चिन्त मन से विश्वासपूर्वक भगवान का नाम लेना बड़ा कठिन है कुछ लोग तो इसकी ओर ध्यान ही नहीं देते जो कुछ ध्यान देते हैं उन्हें इसका सहजपन देखकर अश्रद्धा हो जाती है वे समझते हैं कि जब बड़े-बड़े यज्ञ तप दानादि सत्कर्मों से ही पाप वासना का नाश होकर मनकी वृत्तियाँ शुद्ध और सात्त्विक नहीं बनतीं तब केवल शब्दोच्चारण या शब्द स्मरण मात्र से क्या हो सकता है वे लोग इसे मामूली शब्द समझकर छोड़ देते हैं कुछ लोग अभिमानसे नाम का आदर नहीं करते पाश्चात्य शिक्षाप्राप्त पुरुष तो प्रायः आधुनिक पाश्चात्य सभ्यता की माया मरीचिका में पड़कर ऐसी बातोंको केवल गपोड़ा ही समझते हैं कुछ सुधार का दम भरनेवाले लोग संसारका सुधार केवल हमारे बलपर होगा ईश्वर वस्तु ही क्या है उसकी आवश्यकता तो घरबार रहित संन्यासियों को है हमें उससे क्या मतलब अच्छा काम करेंगे अच्छा फल आप ही होगा ऐसी भावना से नाम का तिरस्कार करते हैं भगवान के नाम का स्मरण विपत्ति काल में ही हुआ करता है जब मनुष्यके सब सहारे छूट जाते हैं कहींसे कोई आशा नहीं रहती किसी से कोई आश्वासन नहीं मिलता जगत के लोग मुख से नहीं बोलना चाहते निर्धनता निर्जनता आरोग्य हीनता और अपमान से मन घबड़ा उठता है दुःखोंकी विषमयी ज्वाला से हृदय दग्ध होने लगता है मित्र स्नेही सुहृद् और घरवालोंका एकान्त अभाव हो जाता है तब प्राण रो उठते हैं हृदय खोजता है किसी ऐसी शीतल सुरम्य वस्तु को जिसे पाकर उसे कुछ शीतलता कुछ शान्ति प्राप्त हो सके ऐसे दुःसमय में छटपटाते हुए व्याकुल प्राण स्वाभाविक ही उस अनजाने और अनदेखे हुए प्रीतम की गोद का आश्रय ढूँढ़ते हैं ऐसे अवसर पर बड़े बड़े धन और पद के मद में ईश्वर को तुच्छ समझने वाले विषयों की प्रमाद मदिरा के अविरत पानसे उन्मत्त होकर विचरनेवाले मनुष्यों के मुँह से भी सहसा ऐसे उद्गार निकल पड़ते हैं कि हे राम हे ईश्वर तू ही बचा तेरे बिना अब और कोई सहारा नहीं है ऐसे ही विपद् संकुल समयमें जिह्वा स्वच्छन्दता से भगवन्नाम का उच्चारण करने लगती है और ऐसे ही शोक मोह पूर्ण समय में मन और प्राण भी उसका स्मरण करने लग जाते हैं इसी लोभ से तो माता कुन्तीने भगवान श्रीकृष्णसे विपत्तिका वरदान माँगा था उनने कहा था कि हे कृष्ण तेरा स्मरण विपत्ति में ही होता है इसलिये मुझे बार-बार विपत्ति के जाल में डालता।

खास बातें

भावांतर भुगतान से वंचित किसानों के आवेदनों की होगी विस्तृत जांच- कलेक्टर

दमोह। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि भावांतर भुगतान योजना के अंतर्गत जिन किसानों को किसी कारणवश भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है, वे दमोह हेल्पलाइन अथवा जनसुनवाई के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं। इस संबंध में अब तक लगभग 50 से 60 किसानों के आवेदन प्राप्त हुए हैं। उन्होने जानकारी देते हुए बताया कि पथरिया और हटा के एसडीएम, जो मंडी प्रशासक भी हैं, को निर्देशित किया गया है कि वे प्रत्येक आवेदन की व्यक्तिगत रूप से जांच करें। उन्होंने कहा कि एक-एक प्रकरण की विस्तृत जांच की जा रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि संबंधित किसान नियमानुसार पात्र हैं या नहीं। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया कि सभी प्राप्त आवेदनों पर जांच प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जांच पूर्ण होने के बाद पात्रता और नियमों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होने किसानों से आग्रह किया कि वे जांच प्रक्रिया पूरी होने तक धैर्य बनाए रखें। जैसे ही प्रक्रिया पूरी होगी, संबंधित किसानों को परिणामों से अवगत करा दिया जाएगा।

बडी संख्या में लोग पहुंचे कलेक्ट्रेट, बैरीकेडिंग तोड़ी, परिसर में हुआ हंगामा

महेंद्र की अस्थियां लेकर पैदल कलेक्ट्रेट पहुंचे परिजनों ने लगाई न्याय की गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

पिछले वर्ष रनेह में एक महिला नर्स द्वारा कथित मारपीट के एक वर्ष बाद पिछले दिनों आत्महत्या करने वाले 23 वर्षीय महेंद्र लोधी के परिजन बुधवार शाम को हिंडोरिया से पैदल चलकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। मृतक की पत्नी और मासूम बच्चे के साथ परिजनों ने यहां मृतक की अस्थियां लेकर प्रदर्शन किया। न्याय की मांग करते हुए, उन्होंने चेतावनी दी थी कि यदि न्याय नहीं मिला तो वे कलेक्ट्रेट का घेराव करेंगे। प्रदर्शनकारियों की भीड़ और हंगामे की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने भारी पुलिस बल तैनात किया। प्रदर्शन रैली में बड़ी संख्या में परिजन और ग्रामीण शामिल थे, जो कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती, वे धरने पर बैठे रहेंगे। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर और पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में शहर के प्रमुख चौराहों पर रैली को रोकने का प्रयास किया गया। कलेक्ट्रेट के चारों ओर बैरिकेडिंग कर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था, लेकिन उग्र प्रदर्शनकारी बैरिकेडिंग तोड़ते हुए परिसर में प्रवेश कर गए। प्रदर्शनकारियों ने एसडीएम आर.एल. बागरी को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा और शीघ्र कार्रवाई की मांग की। घटना के बाद जिले में प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। लोगों का आरोप है कि यदि समय पर महिला नर्स पर कार्रवाई होती, तो मृतक की पत्नी और मासूम बच्चे को न्याय की गुहार लगाने नहीं आना पड़ता। परिजनों व प्रदर्शनकारियों ने मांग रखी कि मृतक की विधवा को सरकारी नौकरी दी जाए। रनेह थाना प्रभारी को हटाया जाए और उन पर केस दर्ज किया जाए। मारपीट करने वाली नर्स को नौकरी से निकाला जाए।

दमोह कलेक्टर ने कहा कि लोगों को अपने घर जाने का बोल दीजिए, मैं आपके परिवार से बात करता हूँ। लेकिन प्रदर्शनकारी अपनी मांगों पर अड़े रहे। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने घटना के बाद कार्रवाई की है। स्वास्थ्य विभाग ने जांच कर नर्स नीलम यादव को एक स्थान से हटाकर दूसरी जगह भेज दिया और उनकी एक साल की वेतन वृद्धि को भी रोक दिया गया था। फिलहाल यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है।

यह था मामला

यह मामला पिछले वर्ष जून माह का है जहां रनेह स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे महेंद्र लोधी और स्वास्थ्य केंद्र की नर्स नीलिमा यादव के बीच विवाद हुआ था। महेंद्र का आरोप था कि नर्स ने उनकी गर्भवती पत्नी का इलाज नहीं किया और विरोध करने पर यात्री बस को रोककर उनके साथ मारपीट की। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसके बाद रनेह थाने में दोनों पक्षों पर मामला दर्ज किया गया था जो कि कोर्ट में लंबित है।

जिला अस्पताल में नई गेटपास व्यवस्था लागू

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

जिला अस्पताल दमोह के सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटेल ने भर्ती मरीजों के परिजनों एवं मिलने वालों के लिए नई गेटपास व्यवस्था लागू करने की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में सुव्यवस्था, सुरक्षा एवं स्वच्छता बनाए रखने के उद्देश्य से यह व्यवस्था प्रभावी की गई है। डॉ. पटेल के अनुसार, भर्ती मरीज के परिजन को गेटपास काउंटर से गुलाबी रंग का पास उपलब्ध कराया जाएगा, जिसका उपयोग केवल मरीज के अटेंडर द्वारा किया जाएगा। एक समय पर केवल एक ही परिजन मरीज के साथ रह सकेगा। यदि दूसरा परिजन आएगा तो पहले उपस्थित परिजन को अस्पताल परिसर से बाहर जाना होगा। प्रत्येक मरीज के साथ एक परिजन का रहना अनिवार्य रहेगा, जबकि गंभीर मरीज के साथ दो परिजनों को रहने की अनुमति होगी।

मिलने का निर्धारित समय

मरीजों से मिलने का समय दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक तथा शाम 6 बजे से 7 बजे तक निर्धारित किया गया है। मिलने आने वाले व्यक्तियों को पीले रंग का पास बनवाना अनिवार्य होगा। आईसीयू यूनिट में

गुलाबी और पीले पास के बिना प्रवेश वर्जित, नियम उल्लंघन पर अर्थदंड

बच्चों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा। साथ ही 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को मरीज के साथ न रखा जाए और न ही परिजन उन्हें अस्पताल लेकर आएं। अस्पताल प्रबंधन ने परिजनों से अपील की है कि वे अपना सामान मरीज के बिस्तर के पास न रखें तथा अस्पताल की स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। मरीज के साथ बिना पास पाए जाने पर 100 रुपये का अर्थदंड वसूला जाएगा, जो रोगी कल्याण समिति के खाते में क्यूआर कोड के माध्यम से जमा करना होगा। ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध न होने की स्थिति में नगद भुगतान कर विधिवत रसीद प्राप्त करनी होगी। बिना रसीद भुगतान करने की जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति की होगी। अस्पताल परिसर में धूम्रपान, पान-गुटखा, तंबाकू या शराब का सेवन कर प्रवेश करने अथवा सेवन करते पाए जाने पर 200 रुपये का अर्थदंड वसूला जाएगा।

शिकायत के लिए संपर्क करें

किसी भी प्रकार की असुविधा या शिकायत होने पर सहायक अस्पताल प्रबंधक डॉ. सुरेन्द्र विक्रम सिंह , आरएमओ डॉ. चक्रेश अहिरवाल या दमोह हेल्पलाइन नंबरों पर सूचना दी जा सकती है।

प्राचार्य के खिलाफ प्राध्यापकों में असंतोष

प्राध्यापकों की एसीआर खराब करने का आरोप

दमोह। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स ज्ञानचन्द्र श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह के प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार जैन ने महाविद्यालय के 15 से 20 प्राध्यापकों की एसीआर खराब की, प्राध्यापकों में असंतोष, आयुक्त से न्याय की मांग की। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स, ज्ञानचन्द्र श्रीवास्तव, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दमोह (म.प्र.) में सत्र 2024-25 की वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन (ए.सी.आर.) को लेकर प्राचार्य की एक गंभीर प्रशासनिक लापरवाही सामने आयी है। महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा लगभग 15 से 20 सहायक प्राध्यापकों/सह प्राध्यापकों/प्राध्यापकों की योग्यता और आचरण के कालम में ए.सी.आर. में साधारण टीप अंकित किए जाने से संबंधित प्राध्यापको में व्यापक असंतोष व्याप्त है। इस मामले ने महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को भी प्रभावित किया है। प्रभावित प्राध्यापकों का कहना है कि ए.सी.आर. के निर्धारित क्राइटेरिया ए., बी. एवं सी. में उन्हें पर्याप्त एवं संतोषजनक अंक प्राप्त हुए हैं। इन अंकों के आधार पर प्राचार्य की टिप्पणी "अच्छा" अथवा "बहुत अच्छा" होना अपेक्षित था, किंतु इसके विपरीत योग्यता और आचरण में साधारण टीप अंकित की गई। वहीं कुछ अन्य प्राध्यापकों को समान या अपेक्षाकृत कम अंक प्राप्त होने के बावजूद उनकी ए.सी.आर. में "बहुत अच्छा" या "उत्कृष्ट" की टिप्पणी दर्ज की गई है। एक ही महाविद्यालय में इतनी बड़ी संख्या में((आधे से अधिक) प्राध्यापको की ए.सी.आर. में इस प्रकार की असमान टिप्पणियां दर्ज किया जाना प्राध्यापकों द्वारा संदेहास्पद एवं पक्षपातपूर्ण माना जा रहा है। इस संबंध में समस्त प्रभावित सहायक प्राध्यापकों/सह प्राध्यापकों/प्राध्यापकों ने संयुक्त रूप से आयुक्त, उच्च शिक्षा को आवेदन पत्र प्रेषित कर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों की ए.सी.आर. का पुनः अवलोकन कराने तथा निष्पक्ष न्यायोचित निर्णय लेने की मांग की है। प्राध्यापकों ने यह भी अनुरोध किया है कि मूल्यांकन प्रक्रिया पारदर्शी एवं पूर्वाग्रह रहित सुनिश्चित की जाए तथा महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों के ए.सी.आर. का पुनर्मूल्यांकन किया जाए। प्रभावित प्राध्यापकों का कहना है कि वे सदैव संस्थान के शैक्षणिक विकास, अनुशासन एवं विद्यार्थियों के हित में पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य कर रहे हैं। उनका उद्देश्य किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न करना नहीं, बल्कि एक पारदर्शी एवं न्यायसंगत मूल्यांकन सुनिश्चित करना है।

जंगली सुअर के मांस के साथ चार गिरफ्तार

अवैध शिकार का प्रकरण दर्ज, न्यायालय ने भेजा जेल

दमोह। वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व सागर के वनमंडलाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 09 फरवरी की रात्रि लगभग 8:15 बजे मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि गेम परिक्षेत्र सिंगपुर अंतर्गत राजस्व ग्राम हरदुआ में कृष्णा कुर्मी के खेत पर जंगली जानवर के मांस की पार्टी चल रही है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। वन दल द्वारा मौके पर चार व्यक्तियों को जंगली सुअर का पका हुआ मांस खाते हुए पाया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने जंगली सुअर का मांस खाने की बात स्वीकार की। आरोपियों की पहचान सूरज वल्द छोटेलाल रैकवार (35 वर्ष), सुरेश पिता रुपनारायण रैकवार (23 वर्ष), सीताराम पिता धरमदास पटेल (40 वर्ष) एवं हरिसिंह पिता दयाली गोड़ (36 वर्ष), सभी निवासी हरदुआ के रूप में हुई। उन्होने बताया चारों आरोपियों के विरुद्ध वन अपराध क्रमांक 388/02 के तहत अवैध शिकार का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। तत्पश्चात सभी आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायालय द्वारा चारों के खिलाफ जेल वारंट जारी कर उन्हें जेल अभिरक्षा में भेज दिया गया।

पाँच माह से फरार आरोपी गिरफ्तार

दमोह। चौकी फुटेरा ने पाँच माह से फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। दिनाँक 26/09/25 को थाना बटियागढ मे मुखबिर की सूचना पर एक पिकअप में से 40 पेटी अवैध शराब जप्त की गई। थाना बटियागढ मे अपराध क्र. 314/25 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट कायम किया गया था। तभी से फरार आरोपी वीरेन्द्र पिता चंदन सीग लोधी उम्र 27 साल निवासी शेखपुर थाना विनायका जिला सागर को दिनांक 11 फरवरी 26 को चौकी प्रभारी फुटेरा एव स्टाफ द्वारा गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय हटा पेश किया गया। सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारी सउनि आनंद कुमार, प्र.आर. भूपेन्द्र पटैल प्र.आर. विपेश चौबे, आरक्षक राज राजपूत का सहयोग रहा।

कट्टा दिखाकर दुकानदार से 6 लाख से भरा बैग छीना, तीन आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

मंगल बुध की दरम्यानी रात दमोह सागर मार्ग पर देहात थाना क्षेत्र के परसोरिया गांव के पास एक व्यापारी के साथ हथियार दिखाकर लूट की वारदात सामने आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जानकारी के अनुसार सिविल वार्ड नंबर 10, सिंधी कैंप दमोह के निवासी राजकुमार उर्फ राजू नागदेव जो इलेक्ट्रिक की दुकान का संचालन करते हैं जो कि रात्रि में रहली से दमोह लौट रहे थे। वे रात करीब 10:35 बजे गढ़ाकोटा से निकले थे, तभी बिना नंबर की बाइक पर सवार तीन अज्ञात युवकों ने उनका पीछा करना शुरू कर दिया। पीड़ित राजकुमार के अनुसार, आरोपियों ने पीछे से उनकी बाइक पर लात मारी, जिससे वे बाइक सहित सड़क पर गिर पड़े। इसके बाद आरोपियों ने कट्टा निकालकर जान से मारने की धमकी दी और उनका बैग छीन लिया। राजकुमार ने बताया कि बैग में करीब 6 लाख नकद थे, जो उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक सामान का कलेक्शन करने के बाद दमोह लाने के लिए रखे थे। घटना को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद मौके से गुजर रहे एक राहगीर ने उनकी मदद की और 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस की सहायता से घायल राजकुमार को दमोह जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर जावेद खान ने बताया कि राजकुमार के सिर और नाक में चोट आई है, जिनका इलाज जारी है। फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस जांच में जुटी मामले को लेकर एसआई विक्रम सिंह दागी ने बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है। पीड़ित की शिकायत पर जान से मारने की धमकी, लूट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया जा रहा है। जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल तीनों आरोपी अज्ञात हैं और उनकी तलाश जारी है।

13 फरवरी से विंध्याचल एक्सप्रेस का पुनः पथरिया स्टापेज शुरू होगा

पथरिया। कोरोना काल 22 मार्च 2020 में ट्रेनों का संचालन बंद हो गया जिसके कुछ माह बाद पुनः शुरू तो हो गई लेकिन पथरिया में 6 ट्रेनों का स्टापेज कर दिया जिसमें करीब 3 वर्ष बाद 5 ट्रेनों का पुनः स्टापेज शुरू हो गया पर भोपाल इटारसी विंध्याचल एक्सप्रेस का स्टापेज नही मिला। जिससे करीब 5 वर्ष से बिना रूके निकल रही थी जबकि अन्य छोटे स्टेशनों पर स्टापेज शुरू कर दिया गया। क्षेत्रीय सांसद के प्रयास से विगत अगस्त माह में रेल्वे बोर्ड से स्वीकृति मिल गई लेकिन करीब 5 महीने बाद मंडल द्वारा स्वीकृति दी गई जिससे अब 13 फरवरी से पथरिया में स्टापेज शुरू हो जायेगा। वही क्षेत्र के लोगों द्वारा निरंतर कई वर्षों से जबलपुर- अजमेर दयोदय, अमृतसर-विशाखापट्टनम हीराकुंड, जबलपुर-मां वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस की मांग की जा रही है लेकिन सोचने वाली बात है कि इस पर अभी तक कोई कार्यवाही नही हो पा रही है। जिससे स्टापेज नही मिल पा रहा है।

कलेक्टर एसपी से झोलाछाप डॉक्टर के विरूद्ध कार्यवाही की मांग

इलाज कराने पहुंची महिलाओं के साथ बदसलूकी, लड़कों के साथ मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी के चलते झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा दवाखाने खोलकर लोगो का इलाज किया जा रहा है । जिले के कई स्थानों पर बंगाली डाक्टरों द्वारा अपने अवैध क्लीनिक चलाकर स्वास्थ्य के नाम पर लोगो के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की इस अनदेखी के चलते कई लोग इनके शिकार हो चुके है। जिले के हटा अनुविभाग के ग्राम गैसाबाद में भी झोलाछाप डॉक्टरों के हौसले बुलंद है। इसी के चलते गत दिवस जब दो महिला इलाज कराने पहुंची तो कुछ विवाद हो गया जिसके बाद झोलाछाप डॉक्टर व उसके कर्मचारियों द्वारा महिला के लड़को के साथ मारपीट की। पीड़ितों द्वारा कलेक्टर महोदय को जनसुनवाई में एवं पुलिस अधीक्षक महोदय को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। ज्ञापन सौंपने वालों में भारत निषाद सुनील सेन उत्तम सेन राहुल सेन अजय चौरसिया मक्कू खान देबू निषाद सहित महिलाओं की भी उपस्थित रही। ज्ञापन में बताया गया ग्राम गैसाबाद में झोलाछाप डॉक्टर एस. के रॉय (सुरजीत रॉय) करिया बंगाली की क्लीनिक पर दिनांक 08/02/2026 को शाम 7 बजे गाव की दो महिला इलाज कराने गई थी। करिया बंगाली अपनी अवैध क्लीनिक पर इलाज करने के बहाने अंदर ले गया और उल्टी सीधी हरकत करने लगा। जब इसका विरोध किया तो इनके क्लीनिक में रहने वाले गुंठे और स्वयं करिया बंगाली ने क्लीनिक के अंदर उन महिला के लड़को पर जान लेवा हमला किया और बहुत जादा मारपीट की। इसकी जानकारी लगने पर लोगो उन लड़को को बचाया और तुरंत उनको सरकारी अस्पताल हटा ले गये। उक्त फर्जी डॉक्टर इस तरह की हरकत और महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार पहले भी कर चुका है। ये बंगाली डॉक्टर आस पास के गाव की भोली भाली और गरीब जनता से बड़ी बड़ी बीमारियों के नाम पर बड़ी रकम बसूलता है। उक्त झोलाछाप बंगाली डॉक्टर 20-25 वर्षों से अपना अवैध क्लीनिक चला रहा है जिसके पास न तो कोई डॉक्टर डिग्री है और न ही अस्पताल का रजिस्ट्रेशन है। लोगो ने आरोप लगाया कि उसकी क्लीनिक में अबैध गर्भपात और कई तरह आपरेसन और सभी सभी बीमारियों का इलाज किये जाते है। लोगो ने फर्जी चिकित्सक के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है।

अनादिदेव शिव की कला अभिव्यक्तियों आधारित नोहलेश्वर महोत्सव का शुभारंभ....

नृत्यों और गायन से की भगवान शिव की स्तुति आराधना, कैलाश खैर ने जमाये संगीत के रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन-दमोह के सहयोग से 11 से 15 फरवरी, 2026 तक अनादिदेव शिव की कला अभिव्यक्तियों आधारित नोहलेश्वर महोत्सव का आयोजन सायं 06 बजे से नोहलेश्वर मंदिर परिसर, नोहटा (दमोह) में किया जा रहा है। महोत्सव में प्रति दिवस स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी साथ 11 फरवरी, 26 को नालेश्वर महोत्सव की प्रथम दिवस की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं कलाकारों के स्वागत से की गई। इस दौरान संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, विधायक जयंत मलैया एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अगले क्रम में स्थानीय कलाकार एवं डॉ. लतासिंह मुंशी एवं साथी-भोपाल द्वारा 30 मिनट की प्रस्तुति के माध्यम से शिव स्तुति एवं शिव ताण्डव नृत्य-नाटिका, कामना पाठक एवं साथी, जबलपुर द्वारा भरतनाट्यम नृत्य के माध्यम से भगवान शिव की आराधना की गई। वहीं महोत्सव में पद्मश्री श्री कैलाश खैर एवं साथी, मुंबई द्वारा गायन की प्रस्तुति दी गई। उन्होंने तौबा तौबा..., साइयां..., तेरी दीवानी..., तुमसे न जाने क्यूं..., जैसे कई सॉन्ग गाए।

महोत्सव के दूसरे दिवस 12 फरवरी, 26 को प्रशस्ति मानेसर एवं साथी, मुंबई द्वारा शास्त्रीय नृत्य एवं अभिलिप्सा पण्डा एवं साथी, उड़ीसा द्वारा भजन गायन, 13 फरवरी, 26 तीसरे दिवस श्री पुनीत इस्सर एवं साथी, मुंबई द्वारा जय श्रीराम की प्रस्तुति दी जायेगी। 14 फरवरी, 26 को वर्षा दास गुप्ता एवं साथी, दिल्ली द्वारा शास्त्रीय नृत्य एवं कवि सम्मेलन अंतर्गत जानी बैरागी, धार, श्री हरि ओम पवार, मेरठ, सुश्री कविता तिवारी लखनऊ, सुश्री कीर्ति काले दिल्ली, श्री नुसरत मेहंदी भोपाल , श्री लक्ष्मण नेपाली सांची द्वारा कविता पाठ किया जाएगा। समापन दिवस 15 फरवरी, 26 को रिद्धी एवं साथी, जबलपुर द्वारा शास्त्रीय नृत्य, आशा वैष्णव एवं साथी, गुजरात द्वारा भजन गायन की प्रस्तुति होगी।

ब्रज की राई पारंपरिक लोक नृत्य में उमड़ा आस्था का सैलाब

जबेरा। प्रदेश के संस्कृति पर्यटन धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी के मार्गदर्शन एवं महोत्सव संयोजक सत्येंद्र सिंह के कुशल नेतृत्व में आयोजित नोहलेश्वर महोत्सव 2026 का पंचम दिवस भक्ति,संस्कृति और जनआस्था के भव्य उत्सव में अपार जनसमर्थन प्राप्त हुआ। नोहटा स्थित नोहलेश्वर धाम में आयोजित पारंपरिक ब्रज की राई लोक नृत्य में आस्था का जन सैलाब देखने मिला जिसने पिछले साल के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए।कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी एवं उपस्थित अतिथियों के द्वारा दीप

प्रज्वलन एवं भगवान श्री गणेश के विधिवत पूजन-अर्चन के साथ हुआ।राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि नोहटा जैसे सांस्कृतिक केंद्रों पर आयोजित महोत्सव जन-जन को जोड़ने का कार्य करते हैं। नोहलेश्वर महोत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि युवाओं, किसानों और महिलाओं के लिए अवसरों का उत्सव है। मुख्यमंत्री जी का आगमन इस क्षेत्र को नई पहचान और नई संभावनाएँ देगा। नोहलेश्वर महोत्सव न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है बल्कि यह स्थानीय कला, संस्कृति और सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने का एक सशक्त मंच भी बनकर उभर रहा है और साथ ही मेले का आकर्षण और विभिन्न प्रकार के एडवेंचर एक्टिविटी आकर्षण का केंद्र है और हॉट एयर बैलून भी मेले में शामिल हो चुका हैं तो आप सभी उसका भी लुत्फ उठाए। प्रसिद्ध लोकगीत गायक जितेंद्र खरे जित्तू एवं उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत सुमधुर लोकगीतों ब्रज की सांस्कृतिक राई लोकनृत्य ने महोत्सव में उपस्थित जनसेलाब को जमकर नचाया और साथ मंत्री लोधी ने पुष्प वर्षा कर फूलो की होली खेली इस भक्तिमय माहौल ने परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत कर दिया। ब्रज की राई में भक्ति के साथ सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना का सुंदर संदेश देखने को मिला। इससे पूर्व स्थानीय कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। चारों ओर दर्शक कार्यक्रम का आनंद लेते नजर आए। मुख्य कार्यक्रम के पूर्व स्थानीय कलाकारो ने अपनी प्रस्तुति दी जिसमे स्थानीय प्रतिभाओं को महोत्सव के मंच अपनी प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिला और उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजीव अयाची, जुगल शर्मा, अमन जैन, ब्रजेन्द्र राठौर ने किया।

कार्यालय नगरपालिका परिषद दमोह (म.प्र.)

क्र/न.पा./2026/3702 **-: निविदा सूचना:-** दमोह, दिनांक 09/02/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली मे पंजीकृत ठेकेदारों से अधोलिखित विवरण अनुसार दर पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्रं.	टेण्डर नं.	कार्य का नाम एवं विवरण	अनुमानित लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं अमानत राशि	अंतिम तिथि
1	2026_UAD_481667_1	टंडन बिल्डिंग धवस्तिकरण कार्य।	Rs. 8.04 लाख	2000/- 8500/- रू	27/02/2026

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
दमोह (म.प्र.)